चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

दिनांक : 15/11/2023

विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्व अनुदानित तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में एम0एड0 पाठयकम सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु एक अन्तिम अवसर के रूप में ओपन मेरिट के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का कार्यकम

विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्व अनुदानित तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में एम0एड0 पाठयकम सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु ऐसे अभ्यर्थी जो एम0एड0 पाठयकम की विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुऐ थे, उनकी ओपन मेरिट के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम निम्न प्रकार है–

ऐसे अर्ह अभ्यर्थी जिनके विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये गये प्रपत्रों की ऑनलाईन जॉच के माध्यम से सत्यापन हो गया हो, का ओपन मेरिट के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम निम्नवत् प्रस्तावित है–

प्रस्तावित ओपन मेरिट के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का कार्यकम में निम्न अभ्यर्थी भाग ले सकते है–

1. ऐसे अर्ह अभ्यर्थी जो प्रथम एवम् द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित हुये थे तथा उनको विश्वविद्यालय परिसर या कोई महाविद्यालय/संस्थान आवंटित हुआ था, परन्तु किन्हीं कारणों से वे विश्वविद्यालय परिसर, सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश नही ले पाये थे।
2. ऐसे समस्त अर्ह अभ्यर्थी जो अभी तक काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हुये है, परन्तु उनके द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों की जॉच हो चुकी है और वह अर्ह पाये गये है।

अर्ह पंजीकृत अभ्यर्थी निम्न ओपन मेरिट प्रकिया का पालन करेंगें।

चरण	दिनांक	ओपन मेरिट प्रकिया
चरण–1	16.11.2023 से 18.11.2023	समस्त अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय पोर्टल ***ccsuniversity.ac.in*** पर अपना ओपन ऑफर लेटर डाउनलोड एवं पूर्ण रूप से भरकर अपनी पसंद के महाविद्यालय/संस्थान में जमा करायेंगे।
चरण–2	20.11.2023	महाविद्यालय/संस्थान (अनुदानित महाविद्यालय/संस्थान प्रवेश सम्बन्धी आरक्षण नियमों का पालन करते हुए) अभ्यर्थियों द्वारा जमा किये गये ओपन आफर लेटर को प्रवेश सूचकांक के घटते क्रम में रिक्त सीटो के सापेक्ष मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालय/संस्थान के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगे।
चरण–3	21.11.2023 से 23.11.2023	प्रवेश सूचकांक के घटते क्रम में व्यवस्थित की गयी मेरिट सूची एवं उपलब्ध सीटो के सापेक्ष महाविद्यालय/संस्थान अभ्यर्थियों का समस्त प्रवेश सम्बन्धी औपचारिकता पूर्ण करते हुए प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm/Verify) करेंगें।

विशेष नोट–

1. ओपन मेरिट से प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेना, सीट आवंटन की गांरटी नहीं है, क्योंकि उपरोक्त प्रक्रिया से प्रवेश लेना, सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में सीटो की उपलब्धता तथा अभ्यर्थी के प्रवेश सूचकांक आदि पर निर्भर करता है।
2. उपरोक्त ओपन मेरिट प्रक्रिया के माध्यम से एम.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2023–25 में प्रवेश लेने का अन्तिम अवसर है, इसके पश्चात् किसी भी दशा में प्रवेश का अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
3. ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक अपनी बी0एड0/बी.ए.बी0एड0/बी0एल0एड0 इत्यादि के अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की अंकतालिका (Consolidated) निर्धारित पोर्टल पर किन्हीं कारणों से अपलोड नही की है, वे अभ्यर्थी अपनी बी0एड0/बी.ए.बी0एड0/बी0एल0एड0 इत्यादि के अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की अंकतालिका (Consolidated) एवं प्रवेश परीक्षा का फार्म मोबाईल नं0 9839440766 पर व्हाट्सएप कर दें, अथवा शिक्षा विभाग कार्यालय में सम्पर्क करें, जिससे उनकी अंकतालिका का डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो सके, तथा डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया में सत्यापन होने के पश्चात वें भी ऑफर लेटर डाउनलोड कर, ओपन मेरिट के इस अन्तिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें।

प्रवेश समन्वयक

समन्वयक
एम.एड. प्रवेश सत्र 2023–25

चेयरमैन
एम.एड. प्रवेश सत्र 2023–25